PRABHAT KHABAR, PAGE NO - 07, DATE - 03-08-2013

भाइचारा को बढ़ावा देता है इफ्तार

- एसपीएमएल की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन

संवाददाता ■ भागलपुर

टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में शुक्रवार को भागलपुर विद्युत वितरण कंपनी (एसपीएमएल, कोलकाता) की ओर से दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, इसमें पांच सौ से अधिक मुसलिम समेत सरकारी, गैर सरकारी संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों समेत जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

एसपीएमएल, कोलकाता के सीइओ अमानुल्लाह ने बताया कि कंपनी की ओर से इस आयोजन का मकसद आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता को बढ़ाना देना है. दावत-ए-इफ्तार के बाद नमाज अदा की गयी. सीओ अमानउल्लाह ने लोगों को भागलपुर विद्युत वितरण कंपनी से होने वाले फायदे व वर्तमान बिजली की समस्या व निदान के बारे में बताया. दावत-ए-इफ्तार पार्टी में महापौर दीपक कुमार भुवानियां, डिप्टी मेयर, प्रीति शेखर, सिटी डीएसपी वीणा कुमारी, विद्युत डीजीएम मिथिलेश कुमार ओझा, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर राम किशोर शर्मा, डीके शशि, आतिश किशोर, एइइ संजीव कुमार, अमित रंजन, रानी चौबे, तमीम हंबल आदि उपस्थित थे.

इफ्तार पार्टी में शामिल मेयर, डिप्टी मेयर व अन्य.